LTO 4201- अनुवाद : हिंदी से अंग्रेजी एवं अंग्रेजी से हिन्दी

Course Code	LTO 4201	Semester	II(Second)
Name of Course	अनुवाद : हिंदी से अंग्रेजी एवं अंग्रेजी से हिन्दी (Anuvad : Hindi to English & English to Hindi)		
Speciality	कौशल विकास और रोजगारपरक पाठ्यक्रम (Skill Development and Employability Course)		
Credit / क्रेडिट-04	Contact Hours: L-03, T-01=04	Type	Core

प्रश्नपत्र परिचय (Paper Description) :

विभिन्न विषयों का हिन्दी में अनुवाद- साहित्य, कविता, एकांकी, कहानी, खेल-समाचार, फिल्म रिव्यू, वैज्ञानिक लेख, इतिहासपरक लेख, राजनैतिक लेख, समाजशास्त्रीय लेख – करवाकर अभ्यास करवाना ही इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य है। इन विभिन्न विषयों के भाषागत एवं शैलीगत विशेषताओं को समझकर उनका अनुवाद करवाना और प्रशिक्षण द्वारा अनुवाद में निपुण बनाना। पारिभाषिक शब्दावली और अभिव्यक्तियां का प्रयोग आज कार्यालयों में बढ़ता जा रहा है जिसका परिचय विस्तृत रूप में यहाँ दिया जाएगा।

प्रश्नपत्र उपयोगिता (Paper Outcome) :

- भाषा की विधागत और भाषागत विशेषताओं को समझने में कुशलता हासिल होगी।
- निरंतर प्रशिक्षण से अनुवाद कार्य में दक्षता हासिल होगी।
- साहित्यिक और साहित्येत्तर अनुवाद के अंतर को स्पष्ट समझकर आवश्यकतानुसार अनुवाद कार्य करने में प्रवीणता हासिल करना।
- प्रयोजनमूलक हिंदी की प्रयुक्तियों से परिचित होने से व्यवहारिक अनुवाद में सहायता मिलेगी।
- शब्दकोश और संदर्भ ग्रंथों के सहारा न लेकर अनुवाद कार्य में दक्षता दिलाना।

प्रश्नपत्र संरचना (Paper Structure) :

पाठ्यक्रम का सम्पूर्ण विवरण इस प्रकार है-

इकाई- एक

विभिन्न विषयों का हिन्दी में अनुवाद- साहित्य, कविता, एकांकी, कहानी

इकाई- दो

खेल-समाचार, फिल्म रिव्यू, वैज्ञानिक लेख

इकाई-तीन

इतिहास परख लेख, राजनैतिक लेख समाजशास्त्रीय लेख

इकाई-चार

पारिभाषिक शब्दावली और अभिव्यक्तियां

परीक्षा पद्धति (pattern of Examination) :

- **आंतरिक परीक्षा (कुल अंक 40) :** लिखित परीक्षा-15 अंक, सेमिनार-10 अंक, प्रदत्त कार्य-10 अंक, अन्य गतिविधियाँ (Overall)- उपस्थिति, छात्र व्यवहार, सांस्कृतिक गतिविधियाँ आदि - 5 अंक ।
- **सत्रांत परीक्षा : (कुल अंक 60)** खंड 'क' में 1 से 10 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे जिसमें क, ख, ग और घ के रूप में चार विकल्प होंगे (10x1= 10)। खंड 'ख' में 11 से 16 संक्षिप्त टिप्पणी होंगी जिनमें से चार करने होंगे (4x5= 20)। खंड 'ग' 17 से 21 दीर्घ उत्तरीय (निबंध स्तरीय) प्रश्न होंगे जिनमें तीन लिखने होंगे (3x10 = 30)।